राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आयोजित समारोह में बुनकर तथा शिल्पी सम्मानित

चर्चा में क्यों?

7 अगस्त, 2022 को हथकरघा शिल्पियों तथा बुनकरों की कला को सम्मानित करने एवं हथकरघा उद्योग को समृद्ध करने हेतु गौहर महल में आयोजित 8वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार वर्ष-2021 के लिये चयनित बाग प्रिंट शिल्पी रशीदा बी सहित अनेक बुनकरों तथा शिल्पियों को सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- प्रमुख सचिव, कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्मिता भारद्वाज तथा आयुक्त सह-प्रबंध संचालक हथकरघा, संत रविदास मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम अनुभा श्रीवास्तव ने समारोह में बुनकरों तथा शिल्पियों को सम्मानित किया।
- समारोह में वर्ष-2021 में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये चयनित बाग प्रिंट शिल्पी रशीदा बी को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि बाग शिल्पकार रशीदा बी का केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय ने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये चयन किया है। उन्हें यह पुरस्कार चादर पर बाग प्रिंट की बारीक कारीगरी पर मिलेगा।
- उन्हें धार ज़िले के ग्राम बाग में ठप्पा छपाई कला में महारत हासिल है। इससे पूर्व भी वर्ष 2012 और 2014 में उन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार मिले हैं। वे बाग प्रिंट के दुनिया में मशहूर यूनेस्को पुरस्कार विजेता मास्टर शिल्पकार स्व. अब्दुल कादर खत्री की पत्नी हैं।
- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर पारंपरिक हथकरघा क्लस्टर चंदेरी में मध्य प्रदेश की स्थापत्य कला विरासत एवं धरोहरों पर की गई नक्काशी की विशिष्ट हेरीटेज डिज़ाइनों को दर्शाते हुए चंदेरी के बुनकरों द्वारा विकसित की गई साड़ियाँ, जिन पर खजुराहो मंदिर एवं साँची स्तूप डिज़ाइन एवं महेश्वर किले की डिजाइन है और सिल्क एवं ज़री के धागों से विकसित करने वाले बुनकरों को सम्मानित किया गया।
- इनमें खजुराहों मंदिर की डिज़ाइन के लिये कलावती कोली, सांची स्तूप की डिज़ाइन के लिये घनश्याम कोली, महेश्वर किले की डिज़ाइन के लिये मोहम्मद गुफरान अहमद तथा महेश्वर किले की ग्राफ डिज़ाइन के लिये मोहम्मद अब्दुल अमान को सम्मानित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/weavers-and-craftsmen-honored-in-the-function-organized-on-national-handloom-day